झारखण्ड विधान सभा

ध्यानाकर्षण सूचना

<u>चतुर्थ झारखण्ड विधान-सभा</u>

<u>द्वितीय-सत्र</u>

निम्नलिखित ध्यानाकर्षण- सूचनायें झारखण्ड विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य-संचालन के नियम- 147 के अन्तर्गत दिनांक- 10.03.2015 के लिए माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा स्वीकृत की गयी हैं :-

क्र0सं0	सदस्य का नाम	विषय	विभाग
01.	02.	03.	04.
01-	श्री अरूप चटर्जी स0वि0स0	धनबाद जिला के निरसा प्रखण्डान्र्तगत मुगमा क्षेत्र के ओम बेस्को प्रा0लि0 कम्पनी द्वारा दो हजार करोड़ रुपया का निवेश करने की योजना है परन्तु यह उद्योग अपने निर्माणाधीन अवस्था के ही असामाजिक तत्वों द्वारा लगातार उत्पन्न किये जा रहे विभिन्न विवाद के कारण अन्य राज्य में स्थानांतरित होने को है, जबकि एक तरफ राज्य में सरकार द्वारा उद्योगों को पूर्ण सुरक्षा हेतू आश्वस्त किया जा रहा है। अतः मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यानआकृष्ट करना चाहता हूँ कि, अविलम्ब उक्त विषय पर समुचित कार्रवाई किया जाय।	उद्योग
02-	श्री फुलचंद मंडल स0वि0स0	धनबाद नगर निगम क्षेत्र "वार्ड संख्या 55" में शामिल रांगामाटी (राजाबस्ती) मौजा नं0-175 के एक दर्जन से अधिक गाँवों का विकास धनबाद जिला में नगर निगम गठन होने के पश्चात् आज तक नहीं हो पाया है तथा उक्त अनु0जा0 व अनु0जन0 जाति बहुल गाँवों के अत्यंत ही गरीब परिवार के लोग कृषि एवं मजदूरी कर अपना तथा अपने परिवार का पालन-पोषण करते है।	नगर विकास

क्र0पृ030

01.	02.	03.	04.
		रांगामाटी अन्तर्गत विभिन्न गाँवों को निगम मुक्त कर पंचायत में शामिल किया जाने से यहाँ के ग्रामीणों को पंचायती राज व्यवस्था के विभिन्न सुविधायें, यथा ग्रामीण दर पर बिजली एवं पानी की सुविधा उपलब्ध हो पायेगी। अतः इस अति महत्वपूर्ण विषय के समाधान हेतु मैं सरकार का ध्यान आकृष्ट करना चाहता हूँ।	
03-	श्री राज सिन्हा स0वि0स0	धनबाद जिलान्तर्गत पुटकी में दामोदर नदी पर वित्तीय वर्ष 2013-14 में ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल द्वारा पुल का निर्माण का कार्य प्रारंभ किया गया था, जिसकी प्राक्कलित राशि चार करोड़ की थी। इसके संवेदक श्री राणा उदय प्रताप सिंह द्वारा दो करोड़ रूपये का भुगतान ले लेने के पश्चात् पुल के अधूरे कार्य को बीच में रोक दिया गया। कार्यपालक अभियंता का कहना है कि एप्रोच रोड नहीं होने के कारण संवेदक को कार्य मुक्त कर दिया गया है। जनहित की भावना के प्रति यह घोर लापरवाही है। उल्लेखनीय है कि हर दिन सैकड़ो बाईक सवार और पैदल यात्री पुटकी के इस रास्ते से बोकारो और धनबाद आते जाते है तथा पुल बन जाने से मार्ग की दूरी 30 कि0मी0 कम हो जाएगी। विभाग ने काम बंद करने का जो तर्क दिया है उससे स्थानीय जनता सहमत नहीं है। वस्तुस्थिति यह है कि यह घोर लापरवाही और वित्तीय अनियमितता का मामला है। अतः लोक महत्व के इस प्रश्न पर सदन के माध्यम से मैं सरकार का ध्यानाकृष्ट करता हूँ। सरकार यथाशीघ्र इस पूरे मामले की उच्च स्तरीय जाँच करवाये तथा अधूरे पुल निर्माण कार्य को पूर्ण करें।	ग्रामीण विकास
04-	श्री संजीव सिंह एवं श्री बिरंची नारायण स0वि0स0	धनबाद नगर निगम क्षेत्र में वैसे 27 राजस्व गाँवों को जोड़ दिया गया है जो अत्यन्त ही पिछड़ा तथा विकास से कोशो दुर है। नगर निगम में जोड़े जाने से वहाँ के नागरिकों को अतिरिक्त राजस्व देना पड़ रहा है जिसे देने में वहाँ के ग्रामीण अक्षम है।	नगर विकास

01.	02.	03.	04.
05-	श्री राजकुमार यादव स0वि0स0	झारखण्ड के अलग-अलग जिलों से आदिवासी छात्रों को हार्डकोर नक्सली घोषित करके और नौकरी का लालच देकर आत्मसर्पण के रूप में दिखाया गया था। 514 छात्रों के साथ अन्याय किया गया है और न्याय के लिए भटक रहा है। इस मामले में कई बड़े चेहरे सामने आए पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। छात्रों को चरित्र-प्रमाण पत्र भी नहीं मिल रहा है। तत्कालीन सरकार ने मामले की सी0बी0आई0 जाँच की अनुशंसा की थी सी0बी0आई0 ने अब तक इस मामले जाँच की नहीं दी है सहमति यह मामले में क्या हुआ है, सरकार इन छात्रों को तक न्याय देगी ?	गृह

राँची
दिनांक- 10 मार्च, 2015 ई0।

सुशील कुमार सिंह
प्रभारी सचिव,
झारखण्ड विधान सभा, राँची।

ज्ञाप सं0-ध्या0प्र0 एवं अना0प्र0-02/2015-879/वि0 स0, राँची, दिनांक- 09/3/15

प्रतिः- झारखण्ड विधान सभा के मा0सदस्यगण/ मा0मुख्यमंत्री/ एवं अन्य मंत्रिगण/ मुख्य सचिव, झारखण्ड सरकार, राँची/ मा0 राज्यपाल के प्रधान सचिव/ लोकायुक्त के आप्त सचिव/ महाधिवक्ता उच्च न्यायालय राँची/उद्योग विभाग/ नगर विकास विभाग/ग्रामीण विकास विभाग/ एवं गृह विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

9/3/15
(छोटेलाल टुडू)
अवर सचिव,
झारखण्ड विधान सभा, राँची।

ज्ञाप सं0-ध्या0प्र0 एवं अना0प्र0-02/2015-879/वि0 स0, राँची, दिनांक- 09/3/15

प्रतिः- आप्त सचिव, अध्यक्ष महोदय/आप्त सचिव, सचिवीय कार्यालय को क्रमशः मा0 अध्यक्ष महोदय एवं प्रभारी सचिव महोदय के सूचनार्थ प्रेषित।

9/3/15
अवर सचिव,
झारखण्ड विधान सभा, राँची।

सुभाष

09/03/15